भक्ति कर लेना ईश्वर की

भक्ति कर लेना ईश्वर की बंदे हंस हंस के,
बंदे हंस हंस के मुख से बोल बोल के,
भक्ति कर लेना ईश्वर की बंदे हंस हंस के॥

अरे तुम करके देखो ख्याल,
एक दिन खा जाएगा काल,
अरे यह दुनिया है जंजाल मरोगे फस फस के,
भक्ति कर लेना ईश्वर की बंदे हंस हंस के॥

हो गए बड़े-बड़े ये वीर,
जल गए अग्नि बीच शरीर,
मारे काल बलि ने तीर उनके कस कस के,
भक्ति कर लेना ईश्वर की बंदे हंस हंस के॥

माया ममता रफन दुनाली,
मारे रावण से बलशाली,
यह संसार है नागिन काली खा गई डस डस के,
भक्ति कर लेना ईश्वर की बंदे हंस हंस के॥

ये भक्त कहे मतवाला,
तू पी ले राम नाम का प्याला,
दिल में हो जाएगा उजाला ज्योति जल जल के,
भक्ति कर लेना ईश्वर की बंदे हंस हंस के॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25123/title/bhakti-kar-lena-ishwar-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |